# द्वारका धाम, 7 ज्योतिर्लिंग दर्शन दीव द्वीप, नासिक, अहमदाबाद श्री विघ्नहर गणपति



**यात्रा समयः 12 दिन**

**यात्रा प्रारम्भः 22 जुलाई, 09 सितम्बर व 25 नवंबर 2026**

| दिन | दर्शनीय स्थल |
|---|---|
| पहला | **दिल्ली** से फ्लाईट द्वारा औरंगाबाद के लिए प्रस्थान (रात्रि औरंगाबाद) |
| दूसरा | **घृष्णेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग** दर्शन, विश्व विख्यात **शनिदेव जी** का मंदिर, **एलोरा गुफा**, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं और प्राचीन शिल्पकला हैं। रात्रि घोड़े गांव |
| तीसरा | **भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग** दर्शन, **श्री विघ्नहर गणपति मंदिर** दर्शन (अष्टविनायक गणपति मंदिर), **शिरडी साई बाबा** दर्शन। (रात्रि शिरडी) |
| चौथा | **त्र्यंबकेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग दर्शन**, **नासिक** में गोदावरी गंगा स्नान, **कालाराम मंदिर, सीता गुफा, मारीच गुफा**। (रात्रि नासिक) |
| पांचवा | **महेश्वर** रानी अहिल्याबाई होल्कर किला, प्रसिद्ध नर्मदा घाट भ्रमण (रात्रि ओंकारेश्वर) |
| छठवां | **ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन**, नर्मदा नदी का स्नानं (रात्रि उज्जैन) |
| सातवां | **उज्जैन** में क्षिप्रा स्नान एवं **महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन**। दिन में भोजन पश्चात् होटल से चेक-आउट कर हॉल में सामान रखकर फिर बड़ा गणेश मंदिर, हरसिद्धि मंदिर एवं संतोषी माता दर्शन। रात्रि में रेल द्वारा सोमनाथ प्रस्थान। |
| आठवां | **सोमनाथ महादेव ज्योतिर्लिंग** दर्शन (सांय सोमनाथ पहुंचकर) (रात्रि सोमनाथ) |
| नवां | **सोमनाथ** त्रिवेणी संगम स्नान, परमधाम गमन, कामनाथ महादेव व **दीव द्वीप भ्रमण** (रात्रि में 3 एसी रेल द्वारा द्वारका के लिए प्रस्थान)। |
| दसवां | **द्वारिकापुरी** धामगोमती गंगा स्नान, समुद्र स्नान, **द्वारिकाधीश मंदिर**, रूक्मणी मंदिर, **नागेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन**, गोपी तालाब<br>**भेटद्वारिका** (सप्तपुरी) **भेंट द्वारिका**, श्री कृष्ण महल। (रात्रि द्वारिकापुरी में)। |
| ग्यारहवां | **अहमदाबाद** प्रातः द्वारिका होटल से स्नान करके रेल द्वारा अहमदाबाद प्रस्थान, **स्वामी नारायण अक्षरधाम दर्शन**। (रात्रि में 3 A/C रेल द्वारा दिल्ली प्रस्थान) |
| बारहवां | **दिल्ली** प्रातः में मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा संपूर्ण। |

**यात्रा किराया:-** भोजन, चाय, नाश्ता, A/C पुशबेक डीलक्स बस, A/C डबल बैड होटल रूम, 3 A/C रेल रिजर्वेशन, फ्लाईट (दिल्ली-औरंगाबाद) द्वारा का किराया ₹**46,000** प्रति सवारी होगा। कृपया फ्लाइट यात्रा के नियम पेज नं. 31 को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

# फ्लाईट द्वारा यात्रा के नियम व सुविधाएं

1. **<u>यात्रा शुल्क:</u>** यात्रा का किराया में फ्लाइट, डबल बेड रूम, भोजन, स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण एवं ट्रांसपोर्ट शामिल हैं। अग्रिम बुकिंग हेतु **₹5,000/-** प्रति यात्री मध्य प्रदेश प्रतिनिधि कुलदीप/ अनिल धारिया जी उज्जैन के बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष राशि यात्रा प्रारंभ से 15 दिन पूर्व जमा करना आवश्यक है। यात्रा तिथि नजदीक आने पर फ्लाइट टिकट का मूल्य बढ़ सकता है या रेल रिजर्वेशन में वेटिंग आ सकती है इसलिए आप से निवेदन है की 2 महीने पहले बुक करे। **<u>यदि कोई यात्री बुकिंग के बाद यात्रा रद्द करता है तो अग्रिम राशि वापिस नहीं की जाएगी। दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क यात्रियों द्वारा वहन किया जायेगा।</u>**

2. **<u>भोजन व्यवस्था:</u>** यात्रियों के लिए यात्रा में सुबह चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी रहेगी। शाम को चाय होगी। दाल-चावल व रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में रिफाइंड का प्रयोग होगा। चावल बासमती बनेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। भोजन शुद्ध शाकाहारी सात्विक बनाया जायेगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूड़ी, पराठें व खिचड़ी भी बनायी जायेगी तथा यात्रा में समय अनुसार लंच पैकेट भी दिया जाएगा। रेल द्वारा लम्बी दूरी की यात्रा के दौरान भोजन की व्यवस्था I.R.C.T.C के अधिकृत भोजनालय से की जायेगी। दोपहर एवं रात्रि भोजन के साथ एक पानी की बोतल दी जायेगी।

3. **<u>रात्रि विश्राम:</u>** के लिए होटल का प्रबन्ध यात्रियों के लिए डबल बैड रूम में किया जाएगा लेकिन अगर कोई अलग से सिंगल बेड रूम लेने चाहे तो ऐसे में ₹8000 प्रति रूम अतिरिक्त भुगतान करके ले सकते है। A/C सुविधा केवल चलती बस में रहेगी पार्किंग में खड़ी बस में यह सुविधा नहीं होगी। यात्री अपने साथ बुकिंग के समय दिए गए असली पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर ID) और एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं।

4. **<u>फ्लाइट नियम:</u>** यात्रा में पावर बैंक केवल हैंड बैग में रखें। कैंची, नेल कटर, चाकू, नारियल आदि सामान ले जाना वर्जित है। प्रत्येक यात्री 15 किलो चेक-इन बैग और 7 किलो हैंड बैग ले जा सकता है। बोर्डिंग पास फ्लाइट से 12 घंटे पहले व्हाट्सएप पर भेजा जाएगा। कृपया टिकट पर दिए टर्मिनल पर, फ्लाइट समय से 3 घंटे पहले डिपार्चर गेट पर संस्था के प्रतिनिधि से मिलें।

## <u>यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।</u>

- यात्रा काल के दौरान आर्थिक, शारीरिक क्षति एवं सामान की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी। व्यवस्थापक यात्रियों के नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा। फ्लाइट और रेल के नियमों का पालन करें। यात्रा शुल्क मे इन्श्योरेन्स शामिल नहीं है। यात्री स्वयं के खर्च पर इन्श्योरेन्स करवा सकते है। यात्री द्वारा रेल/बस/होटल की संपत्ति को किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर यात्री स्वयं जिम्मेदार होगा।
- संस्था द्वारा बनाई गई रेल/फ्लाइट टिकट में सीट रेलवे/एयरलाइन तय करता है। कृपया आवंटित सीट पर यात्रा का आनंद लें। बस में सीट लॉटरी के माध्यम से आवंटित की जायेगी। यात्री निर्धारित समय से चलने के लिए बाध्य होंगे, यदि किसी कारणवश कोई ग्रुप से अलग होता है तो अगले स्टेशन/गन्तव्य पर यात्री अपने खर्चे पर पहुचेगें। सभी बसे दर्शनीय स्थलो की पार्किंग तक जाएगी वहा से मंदिरों की दूरी नगण्य है इसलिए यात्री पैदल या रिक्शे (स्वयं के खर्च) से वहाँ जा सकते हैं।
- यात्री को आवश्यकता पड़ने पर यात्री अपने खर्चे पर अस्पताल/डाक्टर की व्यवस्था अपनी सुविधानुसार कर सकते हैं। यदि कोई यात्री किन्हीं कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर घर वापिस आना चाहेगा तो उस अवस्था में यात्री को व्यवस्थापक की तरफ से केवल घर तक पहुंचाने हेतु रेलवे का स्लीपर क्लास का टिकिट ही दिया जायेगा। यह व्यवस्था भी केवल यात्रा समाप्ति के 5 दिन पूर्व तक लागू होगी। किराया वापसी किसी भी अवस्था में देय नहीं होगा।
- यात्रा में फ्लाइट लेट होने / बस खराब होने/ मौसम खराब होने/साप्ताहिक अवकाश/ बन्द/ रैली आदि के कारण सें किसी स्थान पर दर्शन ना होने पर व्यवस्थापक द्वारा कार्यक्रम में जो भी बदलाव किया जायेगा, यात्रियों से निवेदन है कि परिस्थितियों को समझते हुए उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
- यात्रा काल में मैनेजर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने की कोशिश करेंगे परन्तु फिर भी यात्रा के दौरान थोड़ी असुविधा होना स्वाभाविक है। उस समय 'परदेश नरेश कलेशन' की कहावत के अनुसार तपस्या की भावना से उसे सहन करें व मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।